



# अवैध प्रेम संबंध में रची गई पति की हत्या की साजिश

## पत्नी और प्रेमी सहित तीन आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल से ले जाकर सुनसान जगह पर पत्थर से की गई हत्या



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 मार्च। जिले के सरई थाना क्षेत्र में हुए एक सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह हत्या अवैध प्रेम संबंध के चलते रची गई साजिश का परिणाम निकली, जिसमें मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर वारदात को अंजाम दिलाया।**

पुलिस के अनुसार 8 मार्च को चौकी निवास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रजनिया कटरा जंगल के पास एक युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान अजय वैश्य पिता राजबहोर बैस उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम देवरा, थाना मझौली, जिला सीधी के रूप में हुई। घटनास्थल पर शव के पास मोटरसाइकिल भी पड़ी मिली थी। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछतांछ की। साथ ही फोरेंसिक टीम द्वारा भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मौके से मिले सुरागों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि युवक की हत्या पत्थर से सिर पर वार कर की गई है। इसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू की। उक्त कार्रवाई में एसडीओपी गायत्री तिवारी, थाना प्रभारी सरई जितेन्द्र सिहं भदौरिया, चौकी प्रभारी निगरी उनि विनय शुक्ला समेत अन्य पुलिस कर्मियों का योगदान सराहनीय रहा।

### अमर बहादुर से चल रहा था लव अफेयर

पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और पूछतांछ के आधार पर तीनों आरोपी अमर बहादुर पिता रविनंदन बैस उम्र 27 वर्ष निवासी मिसिरगवां, चन्द्रप्रताप उर्फ चन्दन बैस पिता लक्ष्मण बैस उम्र 24 वर्ष ग्राम चितावल थाना गढ़वा एवं उमा बैस पिता स्व. अजय बैस उम्र 19 वर्ष ग्राम गन्नई को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछतांछ की, जिसमें उन्होंने हत्या की पूरी साजिश और घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त वाहन, कपड़े और अन्य साक्ष्य भी जप्त किए गए हैं। टीआई के अनुसार महिला का प्रेम संबंध अमर बहादुर के साथ था और उसी से शादी करना चाहती थी और अजय के साथ हुई शादी से वह खुश नही थी। इसीलिए मृतक की पत्नी उमा बैस व प्रेमी अमर बहादुर बैस ने अजय की हत्या करने की योजना बनाई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 103(1), 238 (ए), 61(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### पिछले माह अजय एवं उमा ने लिये थे फेरे

पुलिस ने जानकारी देते हुये बताया कि मृतक अजय बैस की शादी एक महीना पहले 12 फरवरी को उमा बैस के साथ हुई थी। लेकिन महिला शादी से खुश नही थी। पुलिस ने बताया कि अपनी पति की हत्या कराने में आरोपी महिला की भूमिका अहम रही है और प्रेमी-प्रेमिका मिलकर योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया है। बताया गया कि आरोपी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर मृतक को मोटरसाइकिल से सुनसान इलाके की ओर ले गया। वहां पहले से घात लगाकर बैठे आरोपियों ने मौका मिलते ही मृतक के सिर पर बड़े पत्थर से कई बार वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपियों ने घटना को दुर्घटना का रूप देने के उद्देश्य से शव को मोटरसाइकिल के पास सड़क किनारे छोड़ दिया और फरार हो गए।




# व्यवहार न्यायाधीश समेत सात पदों के सृजन की मिली मंजूरी

## डॉ. मोहन सरकार के कैबिनेट बैठक में लगी मोहर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 मार्च। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अध्यक्षता में आज दिन मंगलवार को भोपाल में कैबिनेट की बैठक आयोजित हुई, जहां चितरंगी में मंजूर व्यवहार न्यायालय के पदों को स्वीकृति कर मोहर लगाई गई है।**

यहां बताते चले कि चितरंगी के अधिवक्ता संघ ने पिछले वर्ष दिसम्बर महीने में तहसील के सामने बेमियादी धरना दिया था। जहां पंचायत मंत्री राधा सिंह ने अधिवक्ताओं के बीच पहुंच आश्वस्त किया था कि उक्त मार्गो पर विचार किया जाएगा। सिविल न्यायालय मंजूर है और पदों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री के यहां बात पहुंचाई जाएगी। आज मोहन सरकार की कैबिनेट बैठक में चितरंगी में पूर्व से मंजूर सिविल न्यायालय के लिए व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड के 1 और अन्य 6 नवीन पदों के सृजन की मंजूरी दी गई है। अधिवक्ता संघ चितरंगी के अध्यक्ष बीपी सिंह ने इस पर खुशी जाहिर करते हुये प्रदेश सरकार एवं राज्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि मार्च एवं अप्रैल महीने में सिविल न्यायालय का संचालन होने की संभावना है।

## एक नजर में

### ब्वॉयज अंडर 18 के खिलाड़ियों का चयन कल

**सिंगरौली।** सिंगरौली डिस्ट्रीक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सह सचिव संघ पुरूषोत्तम सिंह ने उक्त आशय की जानकारी देते हुये बताया कि रीवा डिविजनल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में ब्वॉयज अंडर 18 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सिंगरौली जिले कि टीम का चयन कल दिन गुरूवार 12 मार्च को दोपहर 12 बजे से निगाही स्टेडियम में होना है। ब्वॉयज अंडर 18 के वे खिलाड़ी इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं, जिनकी जन्मतिथि 1 सितम्बर 2007 के बाद कि है। इच्छुक खिलाड़ी समय पर पहुंचकर चयन समिति को सूचित कर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

### जिले में ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता 17 को

**सिंगरौली।** जिला खनिज प्रतिष्ठान के माध्यम से आकांक्षी डीएमएफ प्रोग्राम के तहत आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के प्रति जागरूकता वृद्धि के लिए जिले में 17 मार्च को ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया जाएगा। क्विज जिला खनिज प्रतिष्ठान, आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के घटकों से संबंधित रहेगा। इस क्विज प्रतियोगिता में जिले के सभी आयु वर्ग के व्यक्ति शामिल हो सकते हैं, साथ ही विभिन्न विभागों के फ्रंटलाइन वर्करों द्वारा भी इसमें भाग लिया जावेगा।

### 4099 यूनिट का बिल आया, वृद्ध उपभोक्ता परेशान

**सिंगरौली।** ननि के कचनी वार्ड क्रमांक 28 निवासी 77 वर्षीय लोटन प्रसाद सोनी ने घरेलू बिजली बिल में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत की है। उनका कहना है कि मार्च-अप्रैल 2024 में अचानक उनके बिजली बिल में 4099 यूनिट की खपत दिखाते हुए 68,302 रुपये की राशि जोड़ दी गई, जबकि उनके घर में न तो ज्यादा बिजली उपकरण हैं और न ही मोटर पंप का उपयोग होता है। पीड़ित का आरोप है कि इस संबंध में उन्होंने कई बार विद्युत विभाग में आवेदन दिया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ।



# मटका फोड़ एवं म्यूजिकल चेयर खेल प्रतियोगिता आयोजित

## अदाणी फाउंडेशन ने उद्यमी महिलाओं को किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 मार्च। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अदाणी फाउंडेशन ने जिले के परियोजना प्रभावित गांवों की उद्यमी और सक्रिय महिलाओं को सम्मानित कर उनके आत्मनिर्भरता के सफर को नई पहचान दी।**

सरई तहसील के अमरइखोह गांव में आयोजित इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों की करीब दो सैकड़ा महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जहां खेल प्रतियोगिताओं, सम्मान समारोह और प्रेरक गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी, नेतृत्व और उद्यमिता को प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर मटका फोड़, सुई-धागा दौड़ एवं म्यूजिकल चेयर जैसे खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विजेताओं एवं प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य न सिर्फ महिलाओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित करना था, बल्कि विभिन्न गांवों की विविध क्षेत्र की महिलाओं को एक साथ मिलाना भी था। इसी क्रम में आंगनवाड़ी और सरकारी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को जो अपने कार्यस्थल तक दोपहिया वाहन से जाती हैं, उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अदाणी फाउंडेशन की ओर से मुख्य अतिथियों के हाथों हेलमेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में महिला समूहों द्वारा हस्तकला से बने सजावटी सामान का एक स्टॉल भी लगाया गया। मझौली पाठ की रहने वाली इन्द्र कुमारी शाह ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से वह अपने परिवार के लिए आर्थिक योगदान दे पाती हैं, जिससे उनका जीवन पहले से काफी बेहतर हुआ है।

# राजस्व मामलों में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त, तहसीलदार व रीडरों को नोटिस

## माड़ा, मकरोहर और अमिलिया राजस्व न्यायालयों का किया औचक निरीक्षण, कई माह से दर्ज नहीं हुए प्रकरण



नवभारत न्यूज

**सिंगरौलीए 10 मार्च। कलेक्टर गौरव बैनल ने आज दिन मंगलवार को माड़ा, मकरोहर और अमिलिया के राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण कर प्रकरणों के निराकरण की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने न्यायालय में प्राप्त आवेदनों, लंबित प्रकरणों और नस्तियों का अवलोकन किया।**

निरीक्षण के दौरान कई मामलों में गंभीर लापरवाही सामने आने पर संबंधित तहसीलदारों और रीडरों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। माड़ा तहसील न्यायालय के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि राजस्व सर्किल न्यायालय में निर्धारित समय पर कई प्रकरण दर्ज ही नहीं किए गए थे। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए वर्तमान रीडर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और तहसीलदार जाह्नवी शुक्ला को निर्देश दिए कि सभी लंबित राजस्व प्रकरणों को तत्काल दर्ज कर सात दिवस के भीतर उनका निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्व मामलों की नियमित सुनवाई कर समय सीमा के भीतर प्रकरणों का समाधान किया जाए।

### आवेदकों एवं अधिवक्ताओं की सुनी समस्याएं

कलेक्टर ने अमिलिया राजस्व न्यायालय का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व प्रकरणों का समय पर और गुणवत्ता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि सप्ताह में दिन निर्धारित कर नियमित रूप से कोर्ट संचालित किए जाएं और सभी लंबित मामलों को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज कर समय सीमा में निराकृत करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तहसील कार्यालय पहुंचे आवेदकों और अधिवक्ताओं से भी मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि राजस्व मामलों के निराकरण के लिए नियमित सुनवाई सुनिश्चित करें। साथ ही तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों की नियमित बैठक लेकर लंबित प्रकरणों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

# नारी शक्ति समाज की प्रेरणा और परिवर्तन की धुरी है : आरपी



नवभारत न्यूज

**अनपरा 10 मार्च। हिन्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर के तत्वाधान में स्थानीय प्रेक्षागृह में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्वलन कर किया।**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति समाज की प्रेरणा और परिवर्तन की धुरी है। महिलाएं केवल परिवार ही नहीं, बल्कि समाज और देश के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समान अवसरों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र सच्चे अर्थों में मजबूत बन पाएगा। इससे पूर्व हेड एचआर आशीष पांडेय ने अपने स्वागत सम्बोधन में कहा कि नारी के बिना समाज की कल्पना अधूरी है। एक सशक्त महिला ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज का निर्माण करती है।



# युवाओं का शुरू हुआ अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 10 मार्च।** एनटीपीसी विंध्याचल ने वार्षिक अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम के तहत 116 युवा अभ्यार्थियों को शामिल किया। यह कार्यक्रम अप्रेंटिसशिप अधिनियम के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ आरएलआई विंध्याचल में किया गया। इस अवसर पर डॉ. देबस्मिता त्रिपाठी, एजीएम ने अपने संबोधन में कहा कि अप्रेंटिसशिप शिक्षा और रोजगार के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती हैं, जिससे युवा पेशेवरों को उद्योग के अनुरूप कौशल प्राप्त करने का अवसर मिलता है।

# आदिवासियों की जल-जंगल-जमीन बचाने कांग्रेस का धरना प्रदर्शन 16 को

## जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण ने किया अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने का आह्वान

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 10 मार्च। आदिवासियों की जल-जंगल-जमीन और भूमि अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर 16 मार्च को ग्राम बगैया में विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह प्रदर्शन आगामी सोमवार को सुबह 11 बजे से शुरू होगा, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों के ग्रामीण, आदिवासी समुदाय के लोग तथा कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।**



इस कार्यक्रम का नेतृत्व चितरंगी की पूर्व विधायक सरस्वती सिंह मरकाम के मार्गदर्शन में किया जाएगा। एसडीएम चितरंगी को पत्र देकर धरना प्रदर्शन की जानकारी दी है। जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली के तत्वाधान में आयोजित इस धरना प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण, विस्थापन और विकास कार्यों में हो रही अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाना है। आयोजकों का आरोप है कि दुधमनिया और चितरंगी तहसील के कई गांवों की भूमि विभिन्न कंपनियों को देने की प्रक्रिया चल रही है, जिससे आदिवासी और गरीब किसानों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। धरना-प्रदर्शन में विशेष रूप से सिंगरौली क्षेत्र में प्रस्तावित औद्योगिक परियोजनाओं, खनन कार्यों और सड़क निर्माण से प्रभावित किसानों व ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। साथ ही एनएच-135सी सड़क परियोजना से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा न मिलने, वर्षों पहले अधिग्रहित जमीन पर अब तक काम शुरू न होने तथा कई गांवों में बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दे भी मंच से उठाए जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि क्षेत्र के बगैया, बरसैया, डाला, कपुरीदेह, सरई, पिपरावां, कुशाही, चितरंगी सहित कई गांवों के लोग इस आंदोलन में शामिल होंगे।

# विंध्यनगर में फैशन फ्यूजन शो रूम का शुभारंभ आज

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 मार्च। देश की जानी मानी फैशन डिजाइनर अनामिका सिंह के द्वारा डिजाइन किए गए परिधान जहां देश के प्रतिष्ठित शॉप इन शॉप में औरा बाई अनामिका नाम से प्रसिद्ध इस परिधान का संकलन भोपाल के बाद अब ग्राहकों के मांग पर विंध्यनगर स्थित फैशन फ्यूजन शो रूम पर भी उपलब्ध होंगे।**



इस संदर्भ में विस्तृत विवरण देते हुए अनेक पुरस्कार से सम्मानित एवं उच्च फैशन डिजाइन संस्थान से शिक्षित अनामिका ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया मैं अपने ही विंध्य की बेटी हूँ, मुझे बचपन से फैशन डिजाइनर बनने का शौक था और इस स्वप्न को साकार किये मेरे पति ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू ने, उच्च फैशन एवं डिजाइन संस्थान से मैने प्रशिक्षण प्राप्त किया और विगत वर्ष पहला शो रूम भोपाल शहर में संचालित किया, जिसका उद्घाटन प्रदेश के पूर्व मंत्री अजय सिंह राहुल ने किया था। अब अपने परिधानों को ग्राहकों की मांग पर सिंगरौली के विंध्यनगर स्थित फैशन फ्यूजन में कल 11 मार्च को खुलने जा रहा है, साथ ही देश के सभी बड़े शॉप इन शॉप में इस ब्रांड को उपलब्ध कराने की योजना है, विश्व महिला दिवस के शुभ अवसर पर इस नए इनोवेशन को गति एवं उत्साह वर्धन के लिए राज्यमंत्री राधा सिंह के मुख्य आतिथ्य में एवं जिले की नपानि कमिश्नर सविता प्रधान की विशिष्ट आतिथ्य में सुबह 10:30 बजे गणेश पूजन एवं उद्घाटन सुनिश्चित है।

# अरुण धर कांग्रेस पार्टी के नगर पंचायत चितरंगी अध्यक्ष नियुक्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 मार्च। म.प्र. कांग्रेस कमेटी भोपाल के द्वारा नगर अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जिसमें जनपद सदस्य अरूण धर द्विवेदी ज्ञानी को चितरंगी नगर पंचायत का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।**



म.प्र. कांग्रेस कमेटी भोपाल के संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ. संजय कामले ने नगर अध्यक्षों की नियुक्ति संबंधी पत्र जारी किया, जिसमें नगर पंचायत चितरंगी में जनपद पंचायत सदस्य अरूण धर द्विवेदी को नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष ग्रामीण सरस्वती सिंह, सोम देव सिंह, लल्लाराम पाण्डेय, जिला संगठन प्रभारी संकठा सिंह चौहान, अष्टभुजाधर द्विवेदी, लालता सिंह, मिश्रीलाल गुप्ता, भूपेन्द्र द्विवेदी समेत अन्य कांग्रेसियों ने बधाई देते हुये हर्ष व्यक्त किया है।

# आरओबी निर्माण के चलते बंद हुआ बरगवां रेलवे फाटक, ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें

## रेलवे फाटक से आवागमन बंद, नहीं मिला वैकल्पिक रास्ता, रहवासियों की हो रही फजीहत, जिला प्रशासन व रेलवे प्रबंधन मौन

नवभारत न्यूज

**बरगवां 10 मार्च। स्थानीय बाजार में आरओबी निर्माण को शुरू हुए 2 वर्ष से ज्यादा का समय व्यतीत हो चुका है, इसमें 75 प्रतिशत निर्माण अलग और लगभग 25 प्रतिशत निर्माण रेलवे विभाग अपने नियम और निर्माण मापदंड के आधार पर कर रहा है, रेलवे क्रॉसिंग बरगवां के आर पार का निर्माण रेलवे के द्वारा किया जाना है।**

इस निर्माण कार्य को लेकर बरगवां रेलवे फाटक को लगभग 3 से 4 माह के लिए बंद कर दिया गया है, जिसकी वजह से फाटक के पार बसे गांव डगा, कनई, मनिहारी, मैरहा, मुक्खा टोला कैम्हा डांड के रहवासियों को अगर बरगवां बाजार में कुछ समान या प्राथमिक उपचार केंद्र, थाना बरगवां एस्टेट बैंक, इंडियन बैंक में आना पड़ रहा तो उनके सामने भारी समस्या होती है, इसी तरह बरगवां बाजार से फाटक क्रॉस करके यूनियन बैंक, म.प्र. ग्रामीण बैंक संचालित हैं, जहां वृद्धों और दिव्यांगों को जाने में काफी समस्या हो रही है। जबकि रेलवे को अगर फाटक के पास निर्माण कार्य करना था तो कोई वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था भी करनी चाहिए, जिससे कमसे कम दो पहिया वाहन या साइकिल से आर पार आवागमन हो सके, परन्तु रेलवे प्रशासन निर्माण का हवाला देकर आवागमन पूरी तरह से बाधित कर दिया। अब अगर किसी वयोवृद्ध या दिव्यांग को बैंक जाना पड़ रहा है, तो उसे लगभग 8 किलोमीटर चक्कर लगाना पड़ रहा है। ऐसे में निर्माण के साथ जनता की आवश्यकताओं को भी अगर ध्यान दिया जाता तो शायद इतनी परेशानी का सामना न करना पड़ता। इधर रहवासियों का सुझाव है कि अगर वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था की बात की जाय तो रेलवे अंडर पास सब्जी मंडी के पास से जहां से पूर्व में वैकल्पिक व्यवस्था रेलवे प्रशासन द्वारा की गई थी, वहां से दी जा सकती थी या पुराने स्टेशन के पास से भी किया जा सकता था।



### इनका कहना :-



यूनियन बैंक में जाना था परन्तु कोई साधन की व्यवस्था नहीं हैए चलने में दिक्कत है, घर से किसी के साथ आया वह सी एम राइस स्कूल के पास छोड़कर चला गया।

**दिनेश विश्वकर्मा**
दिव्यांग, खेखड़ा